प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रधानमंत्री–वैश्विक नेता बधाई

लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के लिए वैश्विक नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी को बधाई दी है। अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस ऐतिहासिक चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए और लगभग 65 करोड़ मतदाताओं को उनकी जीत पर बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में बाइडेन ने कहा कि दोनों देशों के बीच दोस्ती बढ़ रही है और दोनों का भविष्य एक दूसरे से जुड़ा है। यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री मोदी से बात करके उन्हें इस जीत पर बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में सुनक ने कहा कि उनके देश और भारत के बीच गहरी दोस्ती है और यह संबंध आगे भी बरकरार रहेंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मतदान के नतीजों ने फिर से मोदी के व्यक्तिगत उच्च राजनीतिक अधिकार, भारत के त्वरित सामाजिक– आर्थिक विकास के लिए समर्थन और विश्व मंच पर हितों की रक्षा की पुष्टि की है।

आदर्श आचार संहिता

प्रदेश से आज 81 दिन बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता हट जाएगी। आचार संहिता के हटते ही प्रदेश में विकास कार्य पहले की तरह सुचारू रूप से चलेंगे। लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव के दृष्टिगत केंद्रीय चुनाव आयोग ने 16 मार्च को प्रदेश में आदर्श आचार संहिता को लागू किया था, जिसके बाद प्रदेश में विकास कार्य संबंधी काम को करने के लिए विभाग को आयोग से अनुमति लेनी पड़ रही थी। आज आचार संहिता हटने के बाद जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े काम विभाग अब सरकार से अनुमति लेकर कर सकेंगे।

समीक्षा बैठक

लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव के बाद भाजपा संचालन समिति की आज पहली समीक्षा बैठक होगी। यह बैठक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में शिमला में होगी। बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में भाजपा के 32 विभाग अध्यक्षों के साथ पार्टी अध्यक्ष विभाग के कामकाज की समीक्षा करेंगे।

सी.बी.आई.सी.–व्यापार

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड– सी.बी.आई.सी. ने व्यापार को सुविधाजनक बनाने के प्रयास में कल से सीधे निर्यातकों के बैंक खातों में शुल्क वापसी राशि का वितरण शुरू कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि निर्यातकों के खातों में शुल्क वापसी राशि का भुगतान सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली– पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से स्वचालित रूप से किया जाएगा। इस

नई कार्यक्षमता से कम समय में राशि का भुगतान होने और इसमें पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि सी.बी.आई.सी. व्यापार सुविधा के माध्यम से भारत के कारोबार में सरलता के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विश्व व्यापार संगठन के सुविधा समझौते के पूर्ण कार्यान्वयन के साथ, सी.बी.आई.सी. का लक्ष्य अब अगली पीढ़ी के व्यापार सुविधा में सुधार करना है।

चंद्रताल झील

लोक निर्माण विभाग काज़ा डिवीजन ने चंद्रताल झील की तरफ जाने वाली सड़क मार्ग को बहाल कर दिया है। करीब 6 महीने बाद सैलानी अब दुनिया के सबसे खूबसूरत झीलों में शुमार चंद्रताल झील के दीदार कर सकेंगे। नवंबर 2023 में बर्फबारी के कारण ग्रांफू–कुंजम–काज़ा सड़क मार्ग के साथ चंद्रताल झील को जाने वाली सड़क भी बंद हो गई थी। विभाग के काज़ा डिवीजन ने बर्फ हटा कर सड़क मार्ग वाहनों के लिए खोल दिया है। एसडीएम काज़ा हर्ष अमरेंद्र नेगी ने बताया की बातल से झील की तरफ जाने वाली संपर्क मार्ग को सभी तरह के वाहनों के लिए खोल दिया है। उन्होंने कहा की पर्यटक अब वाया शिमला–किन्नौर और मनाली –ग्राम्फू–कुंजम सड़क मार्ग से होते हुए चंद्रताल झील पहुंच सकते हैं।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी की सुर्खी है–**हिमाचल में आज हटेगी आदर्श आचार संहिता।** दैनिक भास्कर का शीर्षक **है प्रदेश में 81 दिन बाद आज से हटेगी चुनाव आचार संहिता, विकास कार्य पकड़ेंगे गति।** अमर उजाला के शब्द हैं **सीएम सुक्खू जल्द बुला सकते हैं कैबिनेट की बैठक।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है **12 जून को शपथ ले सकते हैं नए विधायक।** दैनिक जागरण लिखता है **नवनिर्वाचित विधायक 12 को लेंगे शपथ।** पंजाब केसरी का कहना है **बदल जाएगा विधानसभा का सिटिंग प्लान।**

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक भास्कर ने सुर्खी दी है **शिमला में नवबहार से मेडिकल कॉलेज तक बनाई जाएगी 8 सौ 90 मीटर सुरंग।** अमर उजाला के शब्द हैं **शिमला में भूमिगत होंगे बिजली तार–8 सौ 90 मीटर डबल लेन सुरंग भी बनेगा।** दिव्य हिमाचल के अनुसार **मुख्यमंत्री सुक्खू बोले–नवबहार से आईजीएमसी तक बनने वाली सुरंग पर खर्च होंगे 2 सौ 95 करोड़ रूपए।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **विधायक रख सकेंगे दो फ्लैट, नहीं देना होगा शुल्क।**

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है **शिमला सहित हिमाचल के कई जिलों में बरसे बादल।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है **गर्मी के बीच आसमान से बरसी राहत की फुहारें।** दैनिक जागरण के शब्द हैं **दर्रों पर हल्का हिमपात, कुल्लू में तीन घंटे हुई वर्षा।**

अमर उजाला की एक खबर है **राशन डिपुओं में रिफाइंड तेल 7 रूपए हुआ सस्ता।**